पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

भारत ज्योति संस्था की ओर से 6 महानुभावों को राज्यपाल ने सम्मानित किया

समाज को कुछ देने का संकल्प करें -- श्री नाईक

लखनऊः 15 जून, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज भारत ज्योति संस्था द्वारा भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के प्रेक्षागृह में आयोजित एक समारोह में किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डाॅ0 के0एम0 सिंह को 'भारत ज्योति एवं लक्ष्मी रमण आचार्य लाइफ-टाइम अचींवमेंट अवार्ड' से तथा भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के निदेशक प्रोफेसर अलोक धवन, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एम0एल0बी0 भट्ट, लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रोफेसर कविता रस्तोगी, महिला एवं समाज कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने वाली वरिष्ठ अधिवक्ता डाॅ आभा सिंह एवं समाज सेवी श्रीमती कनक रेखा चैहान को वर्ष 2018 के 'उपभोक्ता श्री' सम्मान से सम्मानित किया।

v राज्यपाल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'कल ईद है ईद की पूर्व सन्ध्या पर मैं आपको ईद की शुभकामनाएं देता हूँ और विश्वास करता हूँ कि यह शुभकामनाएं आपके साथ अगले वर्ष तक रहें।' सम्मानमूर्ति अपने कृत्तिव से सम्मान के मंच तक पहुंचे हैं। काश मैंने भी ऐसे काम किये होते तो मेरा भी सम्मान होता। ऐसे आयोजन से दूसरों को प्रेरणा मिलती है।

श्री नाईक ने बताया कि वे भी मुंबई में उपभोक्ता संस्था से जुड़े रहे हैं। 1960 में उनके द्वारा ग्राहक पंचायत की स्थापना की गई थी जिसमें सौ लोगों की मासिक जरूरतों को सामूहिक रूप से क्रय किया जाता था, जिससे सोसाइटी को कुछ प्रतिशत का आर्थिक लाभ भी होता था। उन्होंने यह भी बताया कि पेट्रोलियम मंत्री रहते हुए उनके प्रयास से गैस कनेक्शन की प्रतिक्षा सूची तो समाप्त हुई उसके साथ-साथ बड़ी संख्या में नये कनेक्शन भी आवंटित किये गये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर करोड़ों उपभोक्ताओं ने गैस सिलेन्डर पर मिलने वाली सब्सिडी को स्वतः जरूरतमंदों के लिये छोड़ दिया।

राज्यपाल ने कहा कि जो लोग समर्पित होकर समाज के लिये कार्य करते हैं तो उनके व्यक्तित्व से समाज को प्रेरणा मिलती है। ऐसे आयोजन के माध्यम से समाज के सामने एक उदाहरण जाता है। समाज को कुछ देने का संकल्प करें। राज्यपाल ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि सम्मान प्राप्त कराने वालों को महिलाओं का बराबर का प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि दीक्षान्त समारोह के माध्यम से महिला सशक्तीकरण का नया चित्र देखने को मिल रहा है।

श्री नाईक ने बताया कि वर्ष 2016-17 शैक्षणिक सत्र हेतु सम्पन्न दीक्षांत समारोहों में 15 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई हैं जिनमें 7.97 लाख छात्राओं को उपाधि मिली है। लगभग 66 प्रतिशत छात्राओं को उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक भी दिए गए हैं। समाज में छात्राओं का बदलता चित्र 1998 में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा आरम्भ की गई 'सर्व शिक्षा योजना' तथा वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं' का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने में समाज समर्थन करें।

कार्यक्रम में भारत ज्योति संस्था के संस्थापक श्री विजय आचार्य, कार्यकारी अध्यक्ष फादर पौल रोडरिक्त सहित अन्य विशिष्ट जन उपस्थित थे।

अंजुम/रा0/राजभवन (238/15)

भारत ज्योति
माननीय राज्यपाल, उ.प्र.
Hon'ble Governor, UP
प्रोफेसर आलोक धावन
Professor Alok Dhawan

भारत ज्योति
माननीय राज्यपाल, उ.प्र.
Hon'ble Governor, UP
प्रोफेसर आलोक धावन
Professor Alok Dhawan

Hon'ble Governor, UP
Professor Alok Dhawan
Bharat Jyoti

Hon'ble Governor, UP
Professor Alok Dhawan
Dr R. M. Mathur
Bharat Jyoti

ज्योति
समारोह
Bharat Jyoti
SHRI LAKSHMI RAMAN ACHARYA
LIFETIME ACHIEVEMENT AWARD
2018
Dr. K.M. Singh
माननीय राज्यपाल, उ.प्र.
Hon'ble Governor, UP
प्रोफेसर आलोक धावन
Professor Alok Dhawan